## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड समेत पूरे देश में मनाया जा रहा 25वां कारगिल विजय दिवस, प्रधानमंत्री ने युद्ध स्मारक पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा– भारत अपने शहीद जवानों का सदैव ऋणी रहेगा।

2- विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शुरू, भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर बांग्लादेशी घुसपैठ और युवाओं के रोजगार समेत अवैध खनन मामले पर किया प्रदर्शन।

3- पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह का हुआ तबादला, अनुराग गुप्ता बनाये गये नए डीजीपी।

4- केंद्र सरकार रांची, जमशेदपुर और धनबाद में पर्यावरण सुरक्षा और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए झारखंड को 150 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करायेगी।

5- स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम ने सहायक अध्यापकों सह पारा शिक्षकों को वेतनमान नहीं मिलने की स्थिति में स्थायी शिक्षकों के समतुल्य मानदेय देने पर जतायी सहमति।

*********************

देश आज 25वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचे। उन्होंने देश के प्रति सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश शहीद वीरों का सदैव ऋणी रहेगा।

इधर राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों और उपक्रमों की ओर से कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। ऑपरेशन विजय के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले चतरा जिले की आरा पंचायत के मर्दनपुर के केरोबीन तिग्गा, टंडवा के सोपाराम गांव के राजेश दास और सिमरिया के पुंडरा गांव निवासी राजेश के अमर बलिदान को याद करने के लिए उनके पैतृक गांव में शहादत दिवस समारोह मनाया गया। वहीं भाजयुमो जमशेदपुर महानगर की ओर से कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस सह तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

*********************

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने सत्ता पक्ष को जमकर घेरने का प्रयास किया। कार्रवाई शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर बांग्लादेशी घुसपैठ और युवाओं के रोजगार समेत अवैध खनन के मामले को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला काफी गंभीर है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसा देखने को मिला था कि कई बूथ पर वास्तविक मतदाताओं का नाम हटा दिया गया है और कुछ बूथों पर 123 प्रतिशत तक मतदाताओं की वृद्धि हुई है जो संभव नहीं है।

इधर, सत्र शुरू होने के बाद सबसे पहले शोक प्रकाश हुआ। दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद स्पीकर ने सदन को सोमवार अपराह्न ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

*********************

राज्य सरकार ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता को झारखंड के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। जबकि तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

*********************

लोहरदगा. नगर भवन में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण विभाग और जिला नियोजनालय की ओर से कल एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में 362 युवक–युवतियां शामिल हुए जिनमें 153 युवक–युवतियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। उप विकास आयुक्त ने 5 युवक–युवतियों को सांकेतिक रूप से जॉब ऑफर लेटर भी दिया।

*********************

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कल धनबाद स्थित बीसीसीएल का दौरा किया। इस क्रम में मंत्री ने झरिया मास्टर प्लान के अंतर्गत चिह्नित भू–धंसान स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बात की और आग तथा भू–धंसान की समस्या के समाधान और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इससे पूर्व उन्होंने कोयला नगर स्थित पंचवटी इको–पार्क में पौधारोपण अभियान का भी शुभारंभ किया।

********************
आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।
********************

केंद्र सरकार झारखंड के तीन शहरों रांची, जमशेदपुर और धनबाद में पर्यावरण सुरक्षा और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य सरकार को 150 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध करायेगी। सरकार ने राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए रांची, धनबाद और जमशेदपुर का चयन किया है। नगर विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने केंद्र से पिछले वर्ष की राशि देने का भी आग्रह किया।

********************

राज्य के सहायक अध्यापक संघ की बैठक कल रात स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के साथ आवास पर हुई। बैठक में तय हुआ कि अगर सरकार सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं दे सकेगी तो स्थायी शिक्षकों के समतुल्य मानदेय दिया जाएगा।

********************

इधर, पलामू जिले में एक सप्ताह से अच्छी बारिश नहीं हुई है। इससे खेती पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

********************

उपभोक्ता हितों की रक्षा करने और उपभोक्ता जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ट्राई ने कल हजारीबाग में ट्राई उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर यूसीईटी, वीबीयू के निदेशक डॉ एके साहा ने हजारीबाग क्षेत्र में सेवा प्रदाताओं से भविष्य में अच्छी कनेक्टिविटी बनाए रखने का अनुरोध किया।

********************

संक्षिप्त खबरें

- गोड्डा जिले के हनवारा थाना के गेरुआ नदी में 11 साल की एक बच्ची के डूब जाने से मौत हो गयी। बच्ची मवेशी पर चढ़कर नदी पार कर रही थी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है।
- पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त अनन्य कल बिष्टुपुर के लोयला कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने बूथ का निरीक्षण किया और देखा कि वोटर लिस्ट में नाम जांचों अभियान का क्या असर है। उन्होंने वोटर लिस्ट में अपना नाम देखा और लोगों से भी अपना नाम जांचने को कहा।
- राजकीय देवघर श्रावणी मेले के पांचवे दिन आज प्रातः 4 बजकर 11 मिनट पर मंदिर का पट खुला। इसके साथ ही जलार्पण शुरू हो गया।

********************

पूरे झारखंड में अभी मॉनसून की बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्यभर में 30 जुलाई तक रूक–रूक कर अच्छी बारिश होते रहने का अनुमान जताया है।

*******समाप्त********